सीएम ने डॉ. मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की

▸ जयंती पर लाल घाटी पर हुआ कार्यक्रम

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 6 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पौधरोपण किया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मरण करते हुए कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पूरे सम्मान के साथ मनाई जा रही है. डॉ. मुखर्जी के एक देश-एक विधान-एक निशान-एक प्रधान के संकल्प को साकार करने की दिशा में मप्र सरकार निरंतर कार्य कर रही है. इसी क्रम में राज्य सरकार इसी माह समान नागरिक संहिता यूसीसी लागू करने की दिशा में अग्रसर है.

> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र ने रक्षा क्षेत्र में नया इतिहास रचा है. अब रक्षा क्षेत्र के कई उपकरण, मिसाइल और हथियार मप्र की धरती पर बनेंगे. चंबल की धरती सालों से मां भारती की सेवा करने वाले वीर सैनिकों की भूमि रही है. अब यहां आधुनिक हथियार भी तैयार किए जाएंगे. यह मिसाइल एक हजार किलोमीटर तक दुश्मन के ठिकानों को ध्वस्त करने की क्षमता वाली होंगी.

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि एक देश, एक विधान की भावना को सबसे पहले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने रखा था. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के उस संकल्प को साकार किया जा रहा, जिसका सपना डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए देखा था. आज पूरा देश उनकी राष्ट्रवादी सोच को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है. डॉ. मुखर्जी ने जिस संगठनात्मक आधार, कार्यपद्धति और राष्ट्रवादी विचारधारा की नींव रखी थी, आज भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता उसी विचारधारा के अनुरूप कार्य कर रहा है. हम सभी का दायित्व है कि उनके सपनों को साकार करने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें.

प्रदेश के सभी 62 जिलों में डॉ. मुखर्जी की जयंती पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से उनके राष्ट्रवादी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया है. जनसंघ की स्थापना के समय डॉ. मुखर्जी ने ऐसे राजनीतिक दल की कल्पना की थी, जो केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद, संगठन, संस्कार और विचारधारा पर आधारित हो.

आज पूरा हो जाएगा राज्यपाल का कार्यकाल

भोपाल. राज्यपाल मंगुभाई पटेल का कार्यकाल मंगलवार को पांच वर्ष पूरा हो जाएगा. स्व. रामनरेश यादव के बाद पिछले एक दशक में पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने वाले पटेल पहले राज्यपाल हैं, वहीं मप्र के गठन के बाद अब तक नियुक्त 30 राज्यपालों में से पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने वाले मंगुभाई पटेल 8वें राज्यपाल होंगे. पटेल को 8 जुलाई 2021 को मप्र का राज्यपाल बनाया गया था. तब से लेकर वे लगातार मप्र में बने हुए हैं. सामान्य तौर पर राज्यपाल का कार्यकाल पांच वर्ष का होता है. ऐसे में माना जा रहा है कि प्रदेश में किसी और को राज्यपाल बनाया जा सकता है. हांलाकि नए राज्यपाल की नियुक्ति होने तक पटेल मप्र के राज्यपाल बने रहेंगे.

हर जिले में बनेंगे युवा संसाधन केंद्र

▸ कौशल विकास को दिया जाएगा बढ़ावा

▸ भोपाल, जबलपुर और खजुराहो में होंगे ओपन जिम शुरू

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 6 जुलाई. युवाओं के कौशल विकास, नशामुक्ति और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में एक बैठक आयोजित की गई. यह बैठक भारत सरकार के युवा मामले मंत्रालय की सचिव पल्लवी जैन गोविल की अध्यक्षता में माय भारत पोर्टल और विभिन्न सरकारी विभागों की बैठक में कई विषयों पर चर्चा हुई.

जिसके तहत निर्णय लिया गया कि प्रदेश के हर जिले में अत्याधुनिक युवा संसाधन केंद्र विकसित किए जाएंगे.साथ ही भोपाल, जबलपुर और खजुराहो के सरकारी युवा हॉस्टलों का कायाकल्प कर वहां ओपन जिम और नशामुक्ति सपोर्ट ग्रुप शुरू किए जाएंगे. इसके साथ ही बैठक में यह भी तय किया गया कि युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए माय भारत पोर्टल के अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमों को स्किल इंटर्नशिप से जोड़ा जाएगा. जिसके लिए तकनीकी संस्थानों को ऑनबोर्ड किया जाएगा. इसके अतिरिक्त जमीनी स्तर पर नशामुक्ति अभियान के लिए युवाओं में से पीयर लीडर्स तैयार किए जाएंगे और प्रदेश के सभी स्पोर्ट्स क्लबों को पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा.

> बैठक में सचिव पल्लवी जैन गोविल ने बताया कि 1 जुलाई से 15 अगस्त तक देशव्यापी व्यापक पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है .उन्होंने मध्य प्रदेश के सभी युवाओं और छात्र-छात्राओं से माय भारत पोर्टल पर जुड़कर विकसित भारत- 2047 में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है .बैठक में महानिदेशक सचिन सिन्हा, प्रमुख सचिव मनीष सिंह सहित माय भारत के राज्य निदेशक मंगल राम जाखड़, उप निदेशक निक्की राठौर व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे.

फायर एनओसी की प्रक्रिया सरल करेंगे : संकेत भोंडवे

▸ फेडरेशन की नगरीय विकास आयुक्त के साथ बैठक

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 6 जुलाई. फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत एस भोंडवे से मुलाकात की.

प्रतिनिधि मंडल ने उद्योगों को फायर एनओसी से छूट देने एवं संपत्ति कर की नीति के युक्तिकरण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने चर्चा की. आयुक्त ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही फायर एक्ट के पास होने पर नियमों के निर्धारण हेतु फेडरेशन के प्रतिनिधियों को विस्तृत चर्चा हेतु बुलाया जायेगा. विशेषत: एक्ट के तहत नगर निगम सीमा के अन्तर्गत आने वाले उद्योगों को फायर एक्ट के बाहर रखे जाने का प्रावधान किया जाना है. निगम सीमा के बाहर के उद्योगों के मैप एवं फायर एक्ट के तहत अप्रुवल हेतु कार्यवाही को पूरी तरह से पारदर्शी एवं डिजिटलाईज कर अधिकतम 4 स्टेप्स में फायर एनओसी प्रदान किया जाना सुनिश्चित होगा. प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष हिमांशु खरे, संयुक्त अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार पोरवाल, डॉ आरएस गोस्वामी, अशोक आनंद, प्रवीण आचार्य, डॉ सुरेन्द्र सिंह एवं राजेश हिरवे शामिल थे.

जनता के कामों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

▸ एडीएम ने दी संबंधित अधिकारियों को चेतावनी

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 6 जुलाई. कलेक्टर कार्यालय में सोमवार को समय सीमा कार्यों की समीक्षा बैठक की. यह बैठक कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर एडीएम सुमित कुमार पांडे ने ली.

एडीएम सुमित पांडे ने कहा कि लोग एक काम के लिए बार-बार कलेक्ट्रेट, तहसील कार्यालयों के चक्कर काटते रहते हैं. संबंधित अधिकारी लोगों की शिकायतों का निराकरण समय पर नहीं करते हैं. जनता के कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. जो अधिकारी व कर्मचारी जनहित के कार्यों को करने में लापरवाही करेगा, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि समस्याओं का निराकरण न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी.

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर नाराजगी

सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए एडीएम ने लंबित शिकायतों पर नाराजगी जताई और कहा कि जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से आने वाले आवेदनों का जल्द निराकरण करना पहली प्राथमिकता है. आगामी दिनों में विधानसभा सत्र शुरू होने वाला है सभी विभाग विधानसभा प्रश्नों के तथ्यपरक और प्रामाणिक उत्तर समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए.

अवैध उत्खनन के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

बैठक में एडीएम ने कृषि विभाग को 'कृषक कल्याण वर्ष' के तहत निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने और खनिज विभाग को अवैध उत्खनन व परिवहन के खिलाफ सतत कार्रवाई करने के निर्देश दिए.

नर्सिंग विद्यार्थियों की शिफ्टिंग प्रक्रिया को किया स्थगित

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 6 जुलाई. मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल ने सत्र 2022-23 के नर्सिंग विद्यार्थियों को एक संस्थान से दूसरे संस्थान में स्थानांतरण प्रक्रिया पर रोक लगा दी है. अनुपयुक्त संस्थानों से उपयुक्त संस्थाओं में छात्र-छात्राओं को शिफ्ट करने की प्रक्रिया जारी थी.

अब कौंसिल ने नया आदेश जारी करते हुए आगामी आदेश तक इस प्रक्रिया को रोक दिया है. कौंसिल के रजिस्ट्रार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सत्र 2022-23 पाठ्यक्रम बीएससी, पीबीबीएससी और एमएससी के अनुपयुक्त संस्थानों के छात्र-छात्राओं की उपयुक्त संस्थाओं में शिफ्टिंग के लिये दूसरे चरण का आयोजन किया जा रहा था.जिसे 1 से 15 जुलाई तक आयोजित किया जाना था.

कौंसिल ने कहा है कि शिफ्टिंग के दूसरे चरण की नई समय सारणी जल्द ही जारी की जाएगी.विभाग ने विद्यार्थियों को सलाह दी है कि वे आगामी अपडेट के लिए कौंसिल के निर्देशों पर नजर रखें.

बड़े तालाब में आपदा प्रबंधन ने किया मॉकड्रिल

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 6 जुलाई. राजधानी के बड़ तालाब क्षेत्र में सोमवार को बाढ़ जैसी आपदा से निपटने सैनिकों व प्रशासन ने संयुक्त रूप से मॉकड्रिल कर आपदा प्रबंधन का प्रदर्शन किया.

बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने व अस्पताल पहुंचाने तक अभ्यास किया गया. अभ्यास मुख्य उद्देश्य वाटरमैनशिप ट्रेनिंग सेंटर में मानसून में संभावित आपदाओं से निपटने के लिए मानवीय सहायता और राहत तंत्र को चाक-चौबंद करना रहा.

बारिश के दौरान होने वाली घटनाओं से बचाव का अभ्यास

इस दौरान सुदर्शन चक्र कोर, इंजीनियर रेजिमेंट टास्क फोर्स और मध्यप्रदेश के विभिन्न अंचलों में तैनात सेना जवानों ने प्रदर्शन किया. मॉकड्रिल शुभारंभ से पहले बाढ़ नियंत्रण की रणनीतियों पर व्याख्यान सत्र से हुआ. जिसमें योजना निर्माण और रिक्विजिशन प्रोटोकॉल पर विस्तृत चर्चा की गई.

अंतर-एजेंसी समन्वय और आपदा के बाद किए जाने वाले पुनर्वास प्रयासों की बारीकियों को साझा किया गया. मॉकड्रिल में मेजर जनरल विकास लाल (जनरल ऑफिसर कमांडिंग, पश्चिम मध्य प्रदेश सब एरिया) ने सभी के समन्वय की प्रशंसा की. वाटरमैनशिप ट्रेनिंग सेंटर मॉकड्रिल के लिए अच्छी जगह बताई.

गैरतगंज में कांग्रेस 8 जुलाई को देगी धरना

रायसेन. रायसेन-राहतगढ़ मार्ग के कथित घटिया निर्माण और अव्यवस्थित कार्यप्रणाली के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने 8 जुलाई को गैरतगंज बस स्टैंड पर धरना करने की घोषणा की है, जो दोपहर 1 बजे से शुरू होगा.जिसमें प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की जानकारी दी गई है. जिसमें प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की जानकारी दी गई है. इस संबंध में गैरतगंज में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई. बैठक में सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता, निर्माण में बरती जा रही कथित लापरवाही तथा आम लोगों को हो रही परेशानियों पर चर्चा की गई. नेताओं ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य अव्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. कांग्रेस ने इसे जनहित का मुद्दा बताते हुए आंदोलन की रणनीति तय की. बैठक में सिलवानी-बेगमगंज विधानसभा के विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा.

आधुनिक चिकित्सा पैथी का अधिकार मांगा

▸ आयुष मेडिकल एसोसिएशन ने उठाई मांग

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल,6 जुलाई. मप्र समेत देशभर के 8 लाख से अधिक आयुष एवं जूनियर डॉक्टरों और रिसर्चर्स के अधिकारों को लेकर आयुष मेडिकल एसोसिएशन ने मांग उठाई है.

एसोसिएशन ने आयुष डॉक्टरों को इमरजेंसी में आधुनिक चिकित्सा पैथी की दवाइयां लिखने, सर्जरी और नैदानिक परीक्षणों (डायग्नोस्टिक टेस्ट) में आधुनिक उपकरणों और ओबीएस अल्ट्रासाउंड मशीन का उपयोग करने के अधिकार मिलने की बात कही है. यह भी मांग की है कि भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग और नेशनल होम्योपैथी कमीशन को इससे संबंधित सर्कुलर और पत्र सीधे भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय और नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) को भेजने चाहिए. ऐसा करने से इन नियमों को कड़ाई से लागू किया जा सकेगा और आयुष डॉक्टरों को बेवजह परेशान होने से बचाया जा सकेगा. जिससे आयुष पैथी का सम्मान भी बरकरार रहेगा.

सर्कुलर न पहुंचने से डॉक्टर हो रहे परेशान

एशोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि वर्तमान में आयुष आयोग अपने सर्कुलर्स को सिर्फ आयुष कॉलेजों और आयुष संगठनों तक ही सीमित रखता है .संबंधित मॉडर्न पैथी आयोग (एनएमसी) तक ये सर्कुलर नहीं भेजे जाते हैं .इसके कारण धरातल पर नियमों का सही क्रियान्वयन (इम्प्लीमेंटेशन) नहीं हो पाता.

डॉ. राकेश ने मांग की है कि मेडिकल, डेंटल, आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी समेत सभी चिकित्सा पद्धतियों के अध्ययन, अध्यापन और मेडिसिन-ड्रग्स प्रिस्क्राइब करने के अधिकार मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में एक समान होने चाहिए, ताकि चिकित्सा व्यवस्था में किसी प्रकार का भेदभाव न रहे.

5 वीं और 8 वीं बोर्ड की पुन: परीक्षा के रिजल्ट आज

भोपाल. स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंगलवार को कक्षा 5वीं और 8वीं की पुन: परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित किया जा रहा है. विद्यार्थी 7 जुलाई को दोपहर 2 बजे राज्य शिक्षा केंद्र के पोर्टल पर अपना परिणाम ऑनलाइन देख सकेंगे. वहीं, शिक्षक और संस्था प्रमुख भी इसी पोर्टल के माध्यम से अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम प्राप्त कर सकेंगे. कक्षा 5वीं और 8वीं की दोबारा परीक्षा 16 से 23 जून के बीच आयोजित की गई थी. इसमें प्रदेश के शासकीय, अशासकीय विद्यालयों और पंजीकृत मदरसों के कुल 2 लाख 49 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था.

सेवानिवृत्त शिक्षिका का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

बैरसिया, 6 जुलाई. शासकीय माध्यमिक सुभाष स्कूल वसई में पदस्थ शिक्षिका डॉली एंजिलिना सेवानिवृत्त हो गईं. स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम में संकुल स्कूल प्राचार्या गीता जोशी ने डॉली एंजिलिना के 38 साल 6 माह के सेवाकाल की प्रशंसा की.व्याख्याता राजीव व्यास ने कहा कि सेवानिवृत्त होना शासन की एक प्रकिया है. सेवाकाल दौरान किए हम सभी के अच्छे कार्य यादगार रह जाते हैं. कार्यक्रम में जनशिक्षक रामकिशन कुशवाह, शिवनारायण पाल, मीना नागर, नलखेड़ा से ज्योति नागर, तारा चौहान, अखलेश यादव , उषा चौहान, सुधा साहू , कंछेदी साहू , तुलसी विश्वकर्मा, राखी कुशवाह, सुनीता जैन समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

अभियान | जीआरपी ने नाबालिगों को पहुंचाया परिजनों तक

स्टेशनों पर बेवजह घूमने वाले हो रहे चिन्हित

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 6 जुलाई. रानी कमलापति रेलवे स्टेशन सहित जीआरपी इकाई भोपाल के स्टेशनों पर अभियान चलाकर बेवजह घूमने वालों को चिन्हित किया जा रहा है. सभी थाना प्रभारियों एवं उप पुलिस अधीक्षक रेलवे को रेलवे क्षेत्र में 31 जुलाई तक विशेष अभियान शुरू किया गया है.

इसी क्रम में रेलवे स्टेशन, मुसाफिर खाना, प्लेटफार्म व रेलवे क्षेत्र में 30 पुरुष, 7 महिला, 3 बालकों समेत 40 लोगों से पूछताछ कर डिजिटल डोजियर तैयार किए. असहाय बेघर लोगों को उनके घर वाले या जिनके घर द्वार नहीं है उनको स्वर्ग सेवा सदन के संचालक से संपर्क कराया गया. जीआरपी विदिशा ने 14 साल के सीहोर निवासी एक बालक को बासौदा से तलाश कर सकुशल चाची-चाची को सुपुर्द किया. जीआरपी थाना ग्वालियर (एनजी) ने भी 15 साल के भिंड जिले के एक बालक को मामा के सकुशल सुपुर्द किया गया. जीआरपी थाना रानी कमलापति को एक बालक प्लेटफार्म पर भीख मांगता हुआ मिला. उसकी उम्र 12 साल और सतना निवासी है. उसे महिला आरक्षक थाने लाई.बालक ने अपनी माता करूणा का नंबर दिया गया.

> अभियान के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से रह रहे निराश्रित, परित्यक्ता महिलाओं और बेवजह घूमने वाले बच्चों की पहचान कर उनका रिकार्ड तैयार किया जाएगा. अभियान लगातार चलाकर कार्रवाई की जाएगी.

पश्चिम मध्य रेल

शुद्धि पत्र

ई-निविदा सूचना-कोटा मण्डल सिविल इंजीनियरिंग

संख्य-डब्ल्यू/623/15 दिनांक-06.07.2026 निम्न लिखित टेण्डर जो कि निविदा संख्या-डब्ल्यू/ 623/15 दिनांक-08.05.2026 के द्वारा प्रकाशित किये गए थे एवं जिन्हे दिनांक 15.07.2026 को खोला जाना था, इन्हे अब 30.07.2026 को खोला जायेगा। **टेंडर संख्या** - 82/2026/ PSSA, **कार्य का विवरण**- अपॉइटमेंट ऑफ प्रोजेक्ट सुपरविजन सर्सिस एजेंसी (पीएसएसए) फॉर वेरियस इन्फ्रास्ट्रेक्चरल वर्क इन कोटा डिवीजन ऑफ वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे फॉर 24 मन्थस। (हस्ता.)

वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय)

पश्चिम मध्य रेल्वे कोटा

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

नाम परिवर्तन

मैं SUFIA KHAN W/O ASGHAR MOHAMMAD KHAN आयु वयस्क निवासी: 13, इब्राहिमपुरा गली डॉ. हैदर सुल्तानिया रोड भोपाल यह की पहले मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम SOOFIA SULTAN दर्ज था, जो कि बदल कर मेरा नाम SUFIA KHAN हो गया है. अब मेरे दस्तावेज़ में मेरा नाम यही है. अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा.

कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा (म.प्र.) 450001

क्रमांक- 968/जन.वि./ ई-टेण्डरिंग / 2026 (जनकार्य एवं उद्यान विभाग) खण्डवा,दिनांक- 03/07/2026

-:: निविदा विज्ञप्ति ::-

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है, उल्लेखित कार्य की निविदा का विस्तृत वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	ऑन लाईन पोर्टल	कार्य का नाम	अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2026_UAD _519186_1	सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में सी. सी. रोड़, नाली निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य ।	20.00 Lacs	20,000/-	2,000/-	60 दिन
2	2026_UAD _519193_1	जवाहरगंज वार्ड में आर.सी.सी. नाली निर्माण का कार्य।	19.98 Lacs	19,980/-	2,000/-	60 दिन
3	2026_UAD _519208_1	पदमकुंड वार्ड में दुबे कॉलोनी में महादेव मंदिर से मारकंडे जी के मकान तक सी.सी. रोड़ निर्माण का कार्य।	12.28 Lacs	12,280/-	2,000/-	60 दिन
4	2026_UAD _519214_1	झिलोध्यान स्थित भैरवतालाब की रिटेनिंग वाल निर्माण का कार्य ।	24.52 Lacs	24,520/-	5,000/-	60 दिन

निविदा ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक : - 03/08/2026 (शाम 5:30 बजे तक)

निविदा खोलने की दिनांक :- 05/08/2026 (प्रात: 10:30 बजे तक)

निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह वेबसाइट पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालन यंत्री

नगर पालिक निगम, खण्डवा

कार्यालय वनमण्डल सीहोर

E-Mail dfot.seh@mp.gov.in

विज्ञप्ति

अंतिम रूप से राजसात वाहनों के विक्रय नीलामी की सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वनमंडल सीहोर के अंतर्गत निम्न दर्शाये अनुसार परिक्षेत्रों के नाम के नीचे दर्शित अंतिम रूप से राजसात वाहन पूर्णत: कबाड़ एवं कंडम हैं तथा वाहनों का 'जहां है, जैसा है उसी स्थिति में' नीलाम द्वारा निर्वतन किया जाना है. जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

वाहनों का विवरण

वाहनों का विवरण	परिक्षेत्र सीहोर	परिक्षेत्र आष्टा	परिक्षेत्र इछावर	परिक्षेत्र वीरपुरा	परिक्षेत्र लाड़कुई	परिक्षेत्र रेहटी	योग
मोटर सायकल	1	1	15	1	29	0	47
मारुति कार/वैन	0	0	1	0	0	0	1
जीप/पिकअप	0	1	0	0	1	1	3
ट्रैक्टर ट्राली	0	0	0	0	1	0	1
ट्रक / मिनी ट्रक	0	0	1	0	0	0	1
कुल योग	**1**	**2**	**17**	**1**	**31**	**1**	**53**

उपरोक्त वाहनों का नीलाम वनमण्डल सीहोर के नीलाम हाल में दिनांक 08.07.2026 को दोपहर 02.00 बजे से प्रारंभ होगा. उपरोक्त स्थल तथा समय पर नीलाम किया जावेगा तथा सत्यंकार राशि जमा करने का समय 11:00 बजे से 01:30 बजे तक रहेगा. नीलाम में बोली लगाने हेतु इच्छुक व्यक्ति को प्रत्येक दो पहिया वाहन के लिए 2000/- एवं प्रत्येक चार पहिया वाहन हेतु 10000/- का टोकन प्राप्त करना होगा. जितने वाहन क्रय किए जाना हैं, उतने ही टोकन होना आवश्यक है. प्रत्येक वाहन की सफल बोली होने पर टोकन जमा कराना अनिवार्य होगा. टोकन समाप्त होने के पश्चात नीलामी की प्रक्रिया से पृथक हो जावें. नीलाम शर्तों का पालन नही किए जाने कि स्थिति में बोली निरस्त योग्य मानी जावेगी एवं जमा राशि राजसात की जावेगी. नीलामी से संबंधित शर्तें एवं जानकारी वनमंडल कार्यालय सीहोर में कार्यालयीन समय में वन अपराध शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं.

G15344/26

वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल, सीहोर